# GF-120 NF Naturalyte® के लिए स्वास्थ्य संबंधी सवाल और जवाब

पर्यावरण स्वास्थ्य खतरा मूल्यांकन कार्यालय (Office of Environmental Health Hazard Assessment), CalEPA द्वारा तैयार किया गया

OEHHA
SCIENCE FOR A HEALTHY CALIFORNIA

**स: GF-120 NF Naturalyte® क्या है?**

**ज:** GF-120 NF Naturalyte® एक कीटनाशक उत्पाद है, जिसमें लक्षित कीटों को आकर्षित करने के लिए स्पिनोसैड (Spinosad) और एक प्रोटीन चारे की सक्रिय सामग्री है। चूंकि स्पिनोसैड कुदरती तौर पर पाए जाने वाले जीवाणु, *सैकरोपोलीस्पोरा स्पीनोसा (Saccaropolyspora spinosa)* से बनाया जाता है, इसलिए इसे "गैर-सिंथेटिक" या जैविक कीटनाशक माना जाता है। GF-120 NF Naturalyte® का प्रयोग शहरी क्षेत्रों में आक्रामक कीटों को नियंत्रित करने के लिए कैलिफोर्निया खाद्य एवं कृषि विभाग (California Department of Food and Agriculture) (CDFA) द्वारा किया जाता है। जब इस उद्देश्य के लिए प्रयोग किया जाता है, तो GF-120 NF Naturalyte® को जमीन के ऊपर या बच्चों तथा पालतू जानवरों की पहुंच से दूर पोषक पौधों की पत्तियों पर हाथों से स्प्रे किया जाता है। (वीडियो देखें: *स्पिनोसैड: विदेशी फल मक्खियों के लिए जैविक कीट उपचार (Spinosad: Organic Pest Treatment for Exotic Fruit Flies)* https://www.cdfa.ca.gov/plant/ videos/spinosad/ पर)

**स: सक्रिय सामग्री, स्पिनोसैड कैसे काम करती है?**

**ज:** जब कीड़े स्पिनोसैड को खाते हैं या उसके संपर्क में आते हैं, तो कीड़ों की नसें अत्यधिक उत्तेजित हो जाती हैं। इससे कीड़े की मौत हो सकती है। परीक्षणों से पता चला है कि बहुत अधिक मात्रा में भी स्पिनोसैड का स्तनधारियों के तंत्रिका तंत्र पर बेहद कम या न के बराबर असर पड़ता है।

**स: संघीय एजेंसियां स्पिनोसैड के स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों और जोखिम को कैसे वर्गीकृत करती हैं?**

**ज:** स्पिनोसैड अमेरिकी पर्यावरण रक्षा एजेंसी की "कम जोखिम वाले कीटनाशकों" की आवश्यकताओं को पूरा करता है क्योंकि इसे मानव स्वास्थ्य पर बहुत कम प्रभाव डालने वाला पाया गया है। अमेरिकी कृषि विभाग (USDA) ने इसे जैविक उपयोग के लिए अनुमोदित किया है क्योंकि यह गैर-प्राकृतिक है और जैविक खेती की पद्धतियों के अनुरूप माना गया है।

**स: स्पिनोसैड के मनुष्य के स्वास्थ्य से जुड़े कौन-से प्रभाव हैं?**

**ज:** स्पिनोसैड मनुष्यों को स्वास्थ्य संबंधी बहुत कम जोखिम पैदा करती है, जब GF-120 NF Naturalyte® लेबल पर दिए निर्देशों के मुताबिक प्रयोग किया जाता है| त्वचा पर इस्तेमाल की गई स्पिनोसैड की उच्च खुराकें स्तनधारी जीवों के लिए बहुत ही कम विषैलापन दर्शाती हैं। अध्ययन म्यूटेशन्स,

DNA की अन्य क्षतियों या कैंसर का कोई प्रमाण नहीं दर्शाते हैं। जब उच्च प्रमाण पर जांच की गई तो पाया गया कि यह अस्थायी तौर पर आंखों और त्वचा की हल्की जलन पैदा कर सकती है। यह परीक्षण किए गए जानवरों में त्वचा की संवेदनशीलता संबंधी प्रतिक्रियाएं, जैसे कि एलर्जिक संपर्क डर्मेटाइटिस (एलर्जी संबंधी संपर्क त्वचा रोग), उत्पन्न नहीं करता है।

### स: GF-120 NF Naturalyte® में निष्क्रिय सामग्रियों के बारे में क्या कहा जाता है?

**ज:** जैविक प्रयोग के लिए अनुमति दिए गए सभी उत्पादों की तरह, GF-120 NF Naturalyte® में निष्क्रिय सामग्रियां "मामूली चिंता वाली निष्क्रिय सामग्रियों" की USDA सूची में से आती हैं। जब कुछ निष्क्रिय सामग्रियों की लैबोरेटरी जानवरों पर उच्च प्रमाण पर जांच की गई, तो इसने चमड़ी या आंखों की हल्की जलन पैदा की। हालांकि, किसी भी निष्क्रिय पदार्थ में कैंसर उत्पन्न करने के प्रमाण नहीं मिले। निष्क्रिय पदार्थों के संपर्क में आने की संभावना बहुत कम मानी जाती है।

### स: पौधों पर GF-120 NF Naturalyte® का इस्तेमाल करने के बाद क्या होता है?

**ज:** अधिकतर सक्रिय सामग्री, स्पिनोसैड पत्तों की ऊपरी सतह पर रह जाती है। स्पिनोसैड की थोड़ी सी मात्रा पत्तों में दाखिल हो सकती है लेकिन यह पौधों के अन्य हिस्सों में नहीं फैलती। पत्तों पर कीटनाशक का इस्तेमाल करने के परिणामस्वरूप स्पिनोसैड जमीन पर भी गिर सकता है। स्पिनोसैड आमतौर पर मिट्टी की ऊपरी परत में रहता है और पर्यावरण में लंबे समय तक नहीं बना रहता। पत्तों पर और जमीन पर बाकी बचे अंश कुछ दिनों से लेकर कई सप्ताह के अंदर धूप या बैक्टीरिया से नष्ट हो जाते हैं।

### स: लोग GF-120 NF Naturalyte® से उपचार किए गए क्षेत्रों में अपने एक्सपोजर को कम करने के लिए कौन-से काम कर सकते हैं?

**ज:** उपचार के तुरंत बाद यार्ड का कोई काम न करें या बच्चों को उपचार किए गए पेड़ों या पौधों के पास न खेलने दें। उपचार के बाद खेलने के बाहरी क्षेत्रों को धो लें। यदि संपर्क हो जाए तो त्वचा और कपड़ों को धो लें। CDFA द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

### स: क्या मैं GF-120 NF Naturalyte® से उपचार किए गए पौधों और पेड़ों से फल और सब्जियां खा सकता हूं?

**ज:** हां, GF-120 NF Naturalyte® के सूखने के बाद (4 घंटों के बाद) पैदावार काटी जा सकती है और उन्हें खाया जा सकता है। उन्हें खाने या पकाने से पहले धो लेना चाहिए।

### स: यदि GF-120 NF Naturalyte® के इस्तेमाल के बाद मैं बीमार महसूस करूं तो मुझे क्या करना चाहिए?

**ज:** कैलिफोर्निया विष नियंत्रण प्रणाली (California Poison Control System) की हॉटलाइन (800) 222-1222 पर फोन करें या अपने चिकित्सक से परामर्श लें।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

Invasive Species Program
Office of Environmental Health Hazard Assessment
California Environmental Protection Agency

1001 I Street, P.O. Box 4010
Sacramento, CA 95812
फोन: (916) 327-7319

1515 Clay St., 16th Floor
Oakland, CA 94612
(510) 622-3170

ईमेल: pesticides@oehha.ca.gov

दिसम्बर 2016